INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 8 (3rd Lang)	**Department: Hindi**	**Date: -- /04/24/(April)**
Worksheet No:1	**Topic: अर्थग्रहण**	**Note: File it in your portfolio**

निर्देश- दिए गए प्रश्नों के उत्तर अनुच्छेद के आधार पर चुनकर लिखिए |

बातचीत करते समय हमें शब्दों के चयन पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि सम्मानजनक शब्द व्यक्ति को उदात्त एवं महान बनाते हैं। बातचीत को सुगम एवं प्रभावशाली बनाने के लिए सदैव प्रचलित भाषा का ही प्रयोग करना चाहिए। अत्यंत साहित्यिक एवं क्लिष्ट भाषा के प्रयोग से कहीं ऐसा न हो कि हमारा व्यक्तित्व चोट खा जाए। बातचीत में केवल विचारों का ही आदान-प्रदान नहीं होता, बल्कि व्यक्तित्व का भी आदान-प्रदान होता है। अतः शिक्षक वर्ग को शब्दों का चयन सोच-समझकर करना चाहिए। शिक्षक वास्तव में एक अच्छा अभिनेता होता है, जो अपने व्यक्तित्व, शैली, बोलचाल और हावभाव से विद्यार्थियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है और उन पर अपनी छाप छोड़ता है।

(क) शिक्षक होता है

(i) राजनेता

(ii) साहित्यकार

(iii) अभिनेता

(iv) कवि

(ख) बातचीत में किस प्रकार की भाषा का प्रयोग करना चाहिए?

(i) अप्रचलित

(ii) प्रचलित

(iii) क्लिष्ट

(iv) रहस्यमयी

(ग) शिक्षक वर्ग को बोलना चाहिए?

(i) सोच-समझकर

(ii) ज्यादा

(iii) बिना सोचे-समझे

(iv) तुरंत

(घ) बातचीत में आदान-प्रदान होता है-

(i) केवल विचारों का

(ii) केवल भाषा का

(ii) केवल व्यक्तित्व का

(iv) विचारों एवं व्यक्तित्व का

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक है

(i) बातचीत की कला

(ii) मार-पीट की कला

(iii) पढ़ने की कला

(iv) चलने की कला

-----------000-----------